श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग-सह-प्रभारी सचिव, औरंगाबाद जिला की अध्यक्षता में आज दिनांक-17.01.2017 को मानव श्रृंखला की तैयारी से संबंधित की गयी समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

कार्यवाही :-

आज दिनांक 17.01.17 को **श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग-सह-प्रभारी सचिव, औरंगाबाद जिला** की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला की तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद/पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद/उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद/अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर/ सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला औरंगाबाद/सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा मानव श्रृंखला हेतु की गयी तैयारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी पावर प्वांइट के माध्यम से दी गयी, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:-

- जिला पदाधिकारी द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि मुख्य रूट (62 कि0मी0) एवं सब रूट (309 कि0मी0) की रहेगी। मुख्य रूट औरंगाबाद स्थित जसोईया मोड़ से होकर अरवल जिले के ठाकुर बिगहा तक रहेगा।
- सभी रूट पर पांचवी क्लास से उपर के बच्चे उपस्थित रहेंगे, जिसकी प्लानिंग बच्चों की उपस्थिति के अनुसार की गयी है एवं प्रत्येक चार किलोमीटर के रेडियस में आने वाले विद्यालयों को चयन किया गया है।
- मेन रूट पर मानव श्रृंखला के पहली लाईन में संबंधित विद्यालय के बच्चे एवं जीविका के दीदी रहेंगे, तथा दूसरे एवं तीसरे लाईन हेतु अन्य स्रोतों (डीलर, ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका, साक्षरता, मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं अन्य) की सहायता ली जायेगी।
- मेन रूट पर यदि विद्यालय के बच्चे कम पड़ जाते हैं तो वहां दूसरे जगह से बच्चों को लाने हेतु वाहन की व्यवस्था की जायेगी, जिसके लिए कुल 100 बसों की आवश्यकता होगी।
- सभी 200 मीटर पर सब सेक्टर प्रत्येक एक किलोमीटर पर सेक्टर का निर्धारण किया गया है। इसके अतिरिक्त सेक्टर पर जान एवं उसके उपर सुपर जोन का निर्धारण भी किया गया है।

- सभी सुपर जोन, जोन, सेक्टर एवं सब सेक्टर को दिनांक 15.01.2017 को अनुमण्डल पदाधिकारियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र दे दिया गया है।
- माइक्रोप्लानिंग के तहत प्रत्येक सब सेक्टर (200 मीटर) कहां से कहां तक होगा तथा किस बिंदु से किस बिंदु तक रहेगा यह सुनिश्चित कर ली गयी है तथा प्रत्येक सब सेक्टर किस बिंदु से प्रारंभ होकर किस बिंदु पर समाप्त होगा तथा प्रत्येक सेक्टर में किस–किस विद्यालय के कितने छात्र, किस–किस समूह की कितनी जीविका की दीदी उपस्थित रहेंगी यह सुनिश्चित कर ली गयी है।
- सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि मानव श्रृखला के समय क्या–क्या परेशानी हो सकती है, इसके लिए रिहर्सल दिनांक 16.01.2017 से प्रत्येक दिन करेंगे।
- सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी प्रतिभागियों (विद्यालय के बच्चे, जीविका दीदी, ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका, आशा कार्यकर्त्ता, सामाजिक कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय ग्रामीण इत्यादि) की सूची तैयार करेंगे।
- इसके अलावे मूलभूत सुविधाओं अन्तर्गत पीने का पानी, एम्बुलेंस, पुलिस पदाधिकरी की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष (जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर), ट्रैफिक नियंत्रण, मनोरंजन, डॉक्यूमेंटेशन एवं अन्यान्य व्यवस्थाओं की तैयारी की गयी है।
- वातावरण निर्माण हेतु दीवार लेखन, नारा लेखन, मोटरसाईकिल रैली, साईकिल रैली, मशाल जुलूस, महिला गोष्ठी का प्रयोग किया जायेगा।
- मशाल जुलूस के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि मशाल जुलूस सावधानीपूर्वक निकाला जायेगा। दिनांक–20.01.2017 को जिला मुख्यालय/सभी प्रखण्डों में मशाल जुलूस निकाला जाना निर्धारित है। मशाल जुलूस निकाले जाने वाले मार्गों का पूर्व में भौतिक सत्यापन अत्यावश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में ही उक्त कार्य को निष्पादित करायेंगे एवं मशाल जुलूस निकाले जाने से पूर्व प्रस्तावित मार्ग का भौतिक सत्यापन भी कर लेंगे, क्योंकि यह एक जोखिम भरा कार्य है। वे सिविल सर्जन एवं अग्निशाम पदाधिकारी व स्थानीय थाना से भी लगातार सम्पर्क में रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेन्स व अग्निशाम वाहनों को निरोधात्मक कार्य में ससमय लगाया जा सके।

सिविल सर्जन, औरंगाबाद/जिला अग्निशाम पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर/थानाध्यक्ष, औरंगाबाद, बारूण, खैरा, नबीनगर, देव, रफीगंज, गोह एवं दाउदनगर (जहॉ वाटरमिस्ड अग्निशाम वाहन पूर्व से उपलब्ध है) को आवश्यक तैयारी

करने तथा प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष से लगातार सम्पर्क में रहने का निदेश दिया जाता है, ताकि दिनांक–20.01.2017 को प्रस्तावित मशाल जुलूस का सफलतापूर्वक आयोजन प्रखण्डों में भी कराया जा सके।

- **औरंगाबाद स्थित गेट स्कूल के मैदान में बच्चों की सहायता से भारत का नक्शा बनाया जायेगा, जिसमें बिहार का नक्शा भी प्रदर्शित रहेगा।**
- प्रभारी सचिव महोदय को मानव श्रृंखला हेतु तैयार किये गये माइक्राप्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

मानव श्रृखंला की तैयारी हेतु **श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–प्रभारी सचिव, औरंगाबाद जिला** द्वारा निम्न निदेश दिये गये :–

- बच्चों को पहुँचाने के लिए जिन बसों का इस्तेमाल किया जायेगा, उन बसों की सुरक्षा की दृष्टि से आकलन कर लेंगे तथा उनकी देख–रेख हेतु चिन्हित व्यक्ति उस बस में मौजूद रहें, ताकि किसी प्रकार की विधि–व्यवस्थ की समस्या उत्पन्न होने की संभावना न हो। जिन बसों का प्रयोग किया जायेगा उन पर मानव श्रृंखला का पंम्पलेट लगा रहेगा।
- अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निदेश दिया गया कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की अनुशासित व्यवस्था के संबंध में कल दिनांक–18.01.2017 को समीक्षा बैठक करना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यक्रम समापन के पश्चात् किसी प्रकार की विधि–व्यवस्था उत्पन्न न हो इसका भी आकलन कर लेंगे।
- दिनांक–21.01.2017 को मानव श्रृंखला आयोजन हेतु सब सेक्टर/सेक्टर/जोन/सुपर जोन में प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी अपने वरीयतम पदाधिकारी को कार्यक्रम समाप्ति पश्चात् प्रतिभागियों के शांतिपूर्वक हट जाने के पश्चात् खैरियत प्रतिवेदन देंगे, जो प्रखण्डस्तरीय नियंत्रण कक्ष में प्रतिवेदित होकर जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी को सूचित किया जायेगा। **किसी भी प्रकार के अपुष्ट अफवाह के तत्काल रोक–थाम हेतु प्रभावी कदम अविलम्ब उठाये जायें, ताकि किसी भी प्रकार की अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न न हो।**
- सिविल सर्जन, औरंगाबाद को निदेश दिया गया कि स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं सुनिश्चित करायेंगे। इस संबंध में जिला सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, औरंगाबाद को निदेश दिया गया कि स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी समाचार पत्र के माध्यम से प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करें।

- सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी संबंधित रूटों की जॉच कर लें कि किसी रूट पर नाला या गड्ढ़ा न हो। यदि नाला या गड्ढ़ा है तो उसे ठीक करवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि बच्चों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।
- दिनांक–21.01.2017 को सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रत्येक सेक्टर पर पानी पीने हेतु प्याउ/जग की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करायेंगे। यह व्यवस्था पी0एच0ई0डी0, औरंगाबाद/नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा मुख्य मार्ग पर चलाये जा रहे चलायमान पीनेयुक्त पानी भरे टैंकरों के अतिरिक्त व्यवस्था होगी।
- सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का मोबाईल नंबर का डाटा तैयार कर लें, ताकि उन्हें आवश्यकतानुसार मैसेज दिया जा सके एवं प्राप्त किया जा सके। इस संबंध में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, औरंगाबाद को निदेश दिया गया कि दिनांक 18.01.2017 के संध्या तक इस कार्य का पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
- अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निदेश दिया गया कि लोकल स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा भी कुछ व्यक्ति दिये जायें, जो भीड़ को नियंत्रित करने में सहयोग प्रदान करेंगे।
- श्रीमती सीमा कुमारी–सह–प्रभारी नियंत्रण कक्ष को निदेश दिया गया कि कार्यक्रम प्रारंभ से समापन तक खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे।

20/1/2017

श्री चैतन्य प्रसाद,
प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास
विभाग, बिहार, पटना–सह–प्रभारी
सचिव, औरंगाबाद जिला।

ज्ञापांक :– 341 /न0वि0 एवं आ0वि0, दिनांक :– 20/1/17

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद/पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद/अपर समाहर्त्ता, औरंगाबाद/उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद/सिविल सर्जन, औरंगाबाद/अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर/ सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला औरंगाबाद/जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, औरंगाबाद/श्रीमती सीमा कुमारी–सह–प्रभारी मानव श्रृखला नियंत्रण कक्ष/जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, औरंगाबाद/ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, औरंगाबाद/ अग्निशाम पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद जिला/कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, औरंगाबाद/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण संगठन, औरंगाबाद एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/1/2017

श्री चैतन्य प्रसाद,
प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास
विभाग, बिहार, पटना–सह–प्रभारी
सचिव, औरंगाबाद जिला।